INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Date of submission:
व्याकरण -भोर और बरखा	Topic: पर्यायवाची, मुहावरे, विशेषण, वर्ण विच्छेद	Note: Pl File in portfolio

व्याकरण भाग

पर्यायवाची शब्द-

नोट- जिन शब्दों के अर्थ में समानता होती है ,उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

प्रश्न- दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

शिक्षक - अध्यापक, गुरु

ईश्वर - भगवान, प्रभु

माँ - माता, जननी

वायु - हवा, पवन

संध्या - शाम, सायंकाल

आँगन - अंगना, प्रांगण

उत्सव - पर्व, त्यौहार

आज्ञा - आदेश, हुक्म

कलश - घट, घड़ा

कृष्ण - श्याम, कन्हैया

मुहावरे (**Muhavare**)

नोट- "हिंदी में ऐसे वाक्यांश, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं, उन्हें मुहावरे कहते हैं ।

प्रश्न- दिए गए मुहावरों से उचित वाक्य बनाइए ।

1. **चिकना घड़ा होना** (कुछ असर न पड़ना) अजय को अध्यापिका ने कितना भी समझाया पर वह तो चिकना घड़ा है|

2. **खाक में मिलना** (सब कुछ नष्ट हो जाना)- बाढ़ आने पर उसका सब कुछ खाक में मिल गया।

3. **खून-पसीना एक करना** (बहुत कठिन परिश्रम करना)- रामू ने खून-पसीना एक करके अपना मकान बनवाया था।

4. **गले का हार होना** (बहुत प्यारा)- राम-लक्ष्मण सबके गले का हार थे।

5. **घाव पर नमक छिड़कना** (दुःख में दुःख देना)- राम पहले से ही दुखी है, तुम तो उसके घाव पर और नमक छिड़क रहे हो |

6. **कलेजे पर साँप लोटना** (ईर्ष्या करना)- पड़ोसी की सफलता देखकर राहुल के कलेजे पर साँप लोटने लगा।

7. **आकाश के तारे तोड़ लाना** (असंभव कार्य करना)- श्याम हमेशा आकाश के तारे तोड़ने की बात करता है।

8. **हाथ पैर मारना** (काफी प्रयास)- राम ने इस बार बहुत हाथ-पैर मारे फिर भी वह परीक्षा में सफल नहीं हो सका ।

9. **बात का बतंगड़ बनाना** (छोटी-सी बात को बहुत बढ़ा देना)- रोहित अपने सहपाठी की छोटी-सी गलती को लेकर बात का बतंगड़ बनाने लगा |

10. **मुँह में पानी आना** (लालच होना)- गरम-गरम जलेबी देखते ही उसके मुँह में पानी भर आया।

विशेषण-

नोट- संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जैसे -गुलाब लाल है। वह कुत्ता काला है। सेब मीठे होते हैं।

प्रश्न- दिए गए वाक्यों में से विशेषण छाँटकर अलग कीजिए|

1. वह होशियार लड़का है।
2. पिता जी बिलकुल स्वस्थ हैं।
3. लोमड़ी बहुत चतुर है।
4. यह चित्र उससे सुंदर है।
5. नेहा कोमल से बहुत कमजोर है।
6. आयुष सबसे अच्छा लड़का है।
7. राधा सातवीं कक्षा में पढ़ती है।

8. नीतू ने दो किलो आलू खरीदे।

9. दूध में अधिक चीनी पड़ गई।

10. मुझे कुछ पैसे भी दे दो।

वर्ण विच्छेद

नोट- किसी भी भाषा में प्रयुक्त होने वाली मूल ध्वनि को वर्ण कहते हैं I जैसे – अ ,क्, ख् आदि I इन वर्णों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया को वर्ण विच्छेद कहते हैं|

प्रश्न- दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए |

1-कथन = क् + अ + थ् + अ + न् + अ

2- **नाना = न् + आ + न् + आ**

3- **दीवार = द् + ई + व् + आ + र् + अ**

4- **कहानी = क् + अ + ह् + आ + न् + ई**

5- **अनुमान = अ + न् + उ + म् + आ + न् + अ**

6- **दूर = द् + ऊ + र् + अ**

7- **अमृत = अ + म् + ऋ + त् + अ**

8- **बेकार = ब् + ए + क् + आ + र् + अ**

9- **तैयार = त् + ऐ + य् + आ + र् + अ**

10- **कोयला = क् + ओ + य् + अ +ल् + आ**

11- **सौभाग्य = स् + औ + भ् + आ + ग् + य् + अ**

12- **क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ**

13- **चित्र = च् + इ + त् + र् + अ**

14- यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

15- श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ

16- भंडार = भ् + अं + ड् + आ + र् + अ

17- निबंध = न् + इ + ब् + अं + ध् + अ

18- टाँग = ट् + आँ + ग् + अ

19- चाँद = च् + आँ + द् + अ

20- हृदय- ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ

घर में रहें, सुरक्षित रहें और स्वस्थ रहें

---धन्यवाद---

Prepared by- Neelam Sonkhala